भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1084**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025

सोमवार, 21 माघ 1946 (शक)

राजस्थान में कौशल विकास केंद्र

1084. श्री कुलदीप इंदौराः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की राजस्थान में युवाओं को उच्च स्तरीय कौशल प्रदान करने के लिए कौशल विकास केन्द्र स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के विशेष संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त जिलों में विद्यमान ऐसे केन्द्रों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) भारत सरकार के कुशल भारत मिशन (एसआईएम) के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस), माध्यम से कौशल विकास केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से कौशल, पुनः कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण राजस्थान राज्य सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को प्रदान करता है। एसआईएम का उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल से सुसज्जित करके भविष्य के लिए तैयार करना है। कौशल विकास के लिए एमएसडीई की योजनाएं मांग आधारित हैं और देश भर में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण केंद्र (टीसी) जरूरत के आधार पर स्थापित/नियोजित किए जाते हैं।

देश भर में और श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में इन योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) की संख्या निम्नानुसार हैः

| **योजना** | **कौशल विकास केंद्रों की संख्या** | | |
|---|---|---|---|
| | **सम्पूर्ण भारत** | **श्रीगंगानगर** | **हनुमानगढ़** |
| पीएमकेवीवाई | 12,251 | 45 | 66 |
| जेएसएस | 289 | 0 | 0 |
| एनएपीएस* | 48,721 | 37 | 28 |
| सीटीएस (आईटीआई)^ | 14,619 | 34 | 32 |

**एनएपीएस योजना के तहत, डेटा प्रतिष्ठानों की संख्या के लिए है।*

*^सीटीएस योजना के तहत, डेटा कुल आईटीआई (सरकारी और निजी) से संबंधित है।*

*****